**उत्तर प्रदेश शासन**
**नागरिक उड्डयन अनुभाग**
**संख्या: 139/2018/2296 /छप्पन-2017-48/2010**
**लखनऊ, दिनांक: 14 दिसम्बर, 2018**

**कार्यालय-ज्ञाप**

नागरिक उड्डयन निदेशालय के अधीन एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, लखनऊ में शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1534/छप्पन-10-26/2010 टी0सी0, दिनांक 03 दिसंबर, 2010 द्वारा श्री बृजेश को प्रवक्ता (मैकेनिकल) के पद पर नियत मासिक पारिश्रमिक रुपए 31,000/- पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 01 वर्ष की अवधि के लिए संविदा पर नियुक्त किया गया था| इस परिप्रेक्षय में श्री बृजेश द्वारा दिनांक 15 दिसंबर, 2010 के पूर्वान्ह में कार्यभार ग्रहण किया गया| तदुपरांत वर्षानुवर्ष श्री बृजेश की संविदा अवधि बढ़ाई गई है| प्रवक्ता (मैकेनिकल) के पद पर संविदा के आधार पर कार्यरत श्री बृजेश की सेवाओं की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए अंतिम बार कार्यालय ज्ञाप संख्या- 88/2017/1542/छप्पन-2017-48/2010, दिनांक 23 नवम्बर , 2017 द्वारा उनकी संविदा अवधि दिनांक 15 दिसंबर, 2017 से आगामी 01 वर्ष (अर्थात 14 दिसंबर, 2018 तक) के लिए शासनादेश संख्या- 1422/छप्पन-2014-17/2014, दिनांक 09 सितंबर, 2014 में निहित प्राविधानों के अनुसार बढ़ायी गयी थी | उक्त शासनादेश के प्रस्तर-3 के बिन्दु-4 में निहित प्राविधानो के अनुसार श्री बृजेश को वर्तमान में प्राप्त हो रहे पारिश्रमिक रूपए 58,066/- में दिनांक 09 सितंबर, 2018 से 05% की वृद्धि स्वीकृत करने के उपरांत मासिक पारिश्रमिक रुपए 60,969/- निर्धारित हुआ है|

**2**- अतः शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल, प्रवक्ता (मैकेनिकल) के पद पर कार्यरत श्री बृजेश की संविदा अवधि दिनांक 15 दिसम्बर, 2018 से आ गामी 01 वर्ष (अर्थात 14 दिसम्बर, 2019 तक) के लिए वर्तमान में अनुमन्य नियत मासिक पारिश्रमिक रु0 60,969 (रूपए साठ हजार नौ सौ उनहत्तर ) एवं वार्षिक पारिश्रमिक वृद्धि पर बढ़ाए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- श्री बृजेश की सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत जारी रहेंगी

4- श्री बृजेश से संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर पुनः अनुबन्ध-पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

सूर्य पाल गंगवार
विशेष सचिव।

श्री बृजेश,
प्रवक्ता (मैकेनिकल), संविदा सेवा
एयरोनाटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट,
नागरिक उड्डयन निदेशालय,
उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।

**---2**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या: : 139/2018/2296 (1)/छप्पन-18-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निदेशक, एयरोनाटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि श्री बृजेश से निर्धारित प्रपत्र पर पुनः अनुबन्ध पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।
5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
7- कार्मिक अनुभाग-1
8- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
डा0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।